PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Haribhumi, Delhi
Monday, 13th August 2018; Page: 12
Width: 16.00 cms; Height: 30.14 cms; a3; ID: 23.2018-08-13.80

स्वतंत्रता दिवस स्पीच के लिए मोदी ने मांगे सुझाव लोगों ने दी अनेक राय

- जीएसटी की तर्ज पर वन नेशन वन पेंशन की घोषणा की मांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम लोगों से आगामी स्वतंत्रता दिवस पर स्पीच के लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं। अब तक करीब साढ़े आठ हजार से अधिक लोगों ने अपने सुझाव दिए हैं। सुझाव में कहा गया है कि पीएम को वन नेशन वन टैक्स की तर्ज पर सेंट्रल गवनमेंट कर्मचारियों के लिए वन नेशन वन पेंशन की घोषणा करनी चाहिए। आप भी अपने सुझाव मायजीओवी डॉट इन पर दे सकते हैं।

पीएम मोदी पिछले कुछ सालों से स्पीच के लिए आम लोगों से सुझाव और आइडिया मांगते रहे हैं। एक नागरिक ने सुझाव दिया है कि सेंट्रल गवर्नमेंट के कर्मचारियों के लिए न्यू पेंशन स्कीम यानी एनपीएस खत्म कर 2004 के बाद नौकरी ज्वाइन करने वाले कर्मचारियों के लिए भी पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जानी चाहिए।

जनसंख्या नियंत्रण कानून बने

नितिन नामक नागरिक ने सुझाव दिया है कि प्रधानमंत्री को 15 अगस्त को लाल किले से जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की घोषणा करनी चाहिए। अगर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की घोषणा हो जाती है तो देश में काफी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। एक अन्य ने पीएम को देश में जनसंख्या नियंत्रण के लिए 2 बच्चों की पॉलिसी बनाने का सुझाव दिया है।

बेरोजगारी से निपटने को नए तरीके अपनाएं

आशुतोष नामक नागरिक ने पीएम को सुझाव दिया है कि देश में बेरोजगारी की समस्या से निपटने के लिए नए तौर तरीके अपनाए जाने चाहिए, न कि सिर्फ नई सरकारी नौकरियां पैदा करने पर फोकस किया जाए। स्वरोजगार करने वाले युवाओं को सरकार को इन्श्योरेंस सहित दूसरी सुविधाएं देनी चाहिए जिससे अधिक से अधिक लोग स्वरोजगार के लिए प्रेरित हों। सरकार को ऐसे नियम बनाने चाहिए जिससे चाय बचने वाले और फुटपाथ पर दुकान आदि को संगठित क्षेत्र में आएं।